अजीत समाचार 09/08/2024

कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया तीज का त्यौहार

डॉक्टर रोहित दत्त प्रधानाचार्य जीएमएन कॉलेज़ छात्रों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित करते हुए। (छाया : एस.पी. भाटिया)

अम्बाला शहर, 9 अगस्त (एस पी भाटिया): जीएमएन कॉलेज के सभागार में हरियाली तीज की धूम रही। जिसमें कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सबको हरियाली तीज की बधाई दी। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई जिसमें सबसे पहले मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसके बाद सभी स्टाफ सदस्यों के बीच क्विज और संगीत की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने इस हरियाली तीज पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंच संचालन डॉ. अमित कुमार ने बखूबी रूप से किया और उनके साथ डॉ. नीना और मैडम महक ने भी प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के अनूठे रूप को दर्शाता है जिसमें पत्नी अपने पति की लंबी आयु की कामना करती है। पति के दीर्घायु होने को लेकर पत्नी व्रत रखती है और सावन की इस बहार में झूला झूलती है और मनोरंजन करती हैं। इस कार्यक्रम का संयोजन कमलेश ने किया। कार्यक्रम के दौरान अनेकों फन बेस्ड गतिविधियों का आयोजन किया गया जैसे कि म्यूजिकल चेयर, रैंप वॉक इत्यादि।